HINDI

Shiv jeet

97295-04909

Scanned by CamScanner

वाच्य

Shiv jeet

→ वाच्य का अर्थ है → कहने का ढंग
→ वाच्य के प्रकार → 3 (i) कर्तृवाच्य
(ii) कर्मवाच्य
(iii) भाव वाच्य

उदाहरण → (i) माली ने पौधों को पानी दिया। → कर्तृवाच्य
→ माली से/के द्वारा पौधों को पानी दिया जाता है → कर्मवाच्य

कर्तृवाच्य	कर्मवाच्य	भाववाच्य
→ क्रिया कर्ता के अनुसार	→ क्रिया कर्म के अनुसार	→ क्रिया भाव के अनुसार
→ कर्ता के साथ "से या के द्वारा" का प्रयोग नहीं होगा।	→ कर्ता के साथ "से या के द्वारा" का प्रयोग होगा।	→ कर्ता के साथ केवल "से" का प्रयोग होगा।
→ क्रिया "सकर्मक" व "अकर्मक" दोनों होगी	→ क्रिया केवल सकर्मक होगी	→ क्रिया केवल "अकर्मक" होगी।
→ "जाना" क्रिया का प्रयोग सहायक क्रिया के रूप में नहीं होगा।	→ "जाना" क्रिया का सहायक क्रिया के रूप मे प्रयोग होगा	→ "जाना" क्रिया का सहायक क्रिया के रूप मे प्रयोग होगा।
→ काल सदैव एक जैसा रहेगा	→ काल सदैव एक जैसा रहेगा	→ काल सदैव एक जैसा रहेगा।
→ कर्ता के साथ "ने" का प्रयोग भूतकाल में होगा		→ "सकना क्रिया "जाना" क्रिया मे बदल जाएगी।

उदाहरण → (i) लकड़हारा कुल्हाड़ी से लकड़ी काटता है → कर्तृवाच्य
→ लकड़हारा के द्वारा कुल्हाड़ी से लकड़ी कारी जाती है → कर्मवाच्य
(ii) राम पौधों को पानी देगा → कर्तृवाच्य
राम से/के द्वारा पौधों को पानी दिया जाएगा → कर्मवाच्य
(iii) गाय नहीं चलती। → कर्तृवाच्य
गाय से चला नहीं जाता। → भाववाच्य
(iv) गर्मियों में ठण्डे पानी से नहाया जाता है → कर्मवाच्य
गर्मियों में ठण्डे पानी से नहाते है → कर्तृवाच्य

Scanned by CamScanner

— क्रिया —

क्रिया → वाक्यों में जिन शब्दों से काम के होने का बोध हो क्रिया कहलाती है।
जैसे → राधा बहुत सुन्दर नाचती है।
मदारी बंदर को नचाता है।

Shiv jeet
9729504909

नोट → नाच - मूल रूप है
"ना" प्रत्यय लगाने से क्रिया बनती है — नाचना

धातु	सामान्य रूप	प्रथम प्रेरणा क्रिया	द्वितीय प्रेरणा क्रिया
चल	चलना	चलाना	चलवाना
नाच	नाचना	नचाना	नचवाना
हँस	हँसना	हँसाना	हँसवाना

∴ क्रिया के भेद ∴

1. सकर्मक क्रिया → वह क्रिया जिसमें कर्म हो।
→ वाक्य में यदि क्रिया के साथ "क्या" लगाकर प्रश्न करने पर यदि प्रश्न का उत्तर मिले तो सकर्मक क्रिया होगी। जैसे →
(i) राम पुस्तक पढ़ता है।
Trick → राम क्या पढ़ता है?
उत्तर → पुस्तक पढ़ता है → तो यह सकर्मक क्रिया है।

2. अकर्मक क्रिया → जिस क्रिया में "कर्म" नहीं होता वह अकर्मक क्रिया होती है।
→ यदि क्या लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर नहीं मिलता तो क्रिया अकर्मक होगी। जैसे
(i) राम सोता है।
→ राम क्या सोता है?
उत्तर → नहीं मिला तो यह अकर्मक क्रिया है।

अन्य भेद →

1. प्रेरणार्थक क्रिया → जहाँ कर्ता किसी दूसरे से काम करवाता है, वहाँ प्रेरणार्थक क्रिया होती है।
जैसे → माँ बेटी से चाय बनवाती है।

2. पूर्णकालिक क्रिया → क्रिया के साथ "कर" लगाने से बनने वाली क्रिया पूर्णकालिक क्रिया होती है जैसे —
(i) राधा नहाकर विद्यालय जाती है।

(ii) तात्कालिक क्रिया → जिस क्रिया में मुख्य क्रिया के बाद "ते ही" लगाकर दूसरी क्रिया जोड़ी गई हो वहाँ तात्कालिक क्रिया होगी।
जैसे → बालक दूध पीते ही सो गया।
→ पुलिस को देखते ही चोर भाग गया।

Scanned by CamScanner

— अलंकार —

अलंकार → काव्य में जहाँ शब्दों और अर्थ के माध्यम से चमत्कार उत्पन्न किया जाए वहाँ अलंकार होता है।

अलंकार के दो भेद हैं → 1 शब्दालंकार
2 अर्थालंकार

Shiv jeet

1 **अनुप्रास** → काव्य में जहाँ व्यंजनों की बार-2 आवृत्ति से चमत्कार उत्पन्न हो वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। इसे अलंकारों का राजा कहते हैं।

उदाहरण → रघुपति राघव राजा राम। → यहाँ "र" की बार-2 आवृत्ति के कारण अनुप्रास अलंकार है।

2 **यमक अलंकार** → काव्य मे जहाँ एक शब्द एक से अधिक बार आए और हर बार उसका अर्थ अलग हो, वहाँ यमक अलंकार ~~होगा~~ होगा।

उदाहरण → काली घटा का घमंड घटा। → "कम होना"
↳ "बादल"

3. **श्लेष अलंकार** → काव्य में जहाँ एक शब्द केवल एक बार आए परंतु उसके एक से अधिक अर्थ निकले, वहाँ ~~श्लेष~~ श्लेष अलंकार होगा।

उदाहरण → सुबरन को ढूँढ़त फिर कवि, व्यभिचार, चोर।
↳ कवि के साथ → ~~अ~~ सुन्दर अक्षर
↳ व्यभिचारी के साथ → सुन्दर रंग
↳ चोर के साथ → स्वर्ण

4 **पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार** → काव्य में जहाँ एक शब्द एक साथ एक से अधिक बार प्रयोग किया जाए वहाँ ~~पु~~ पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार होगा।

उदाहरण → उठ-उठ रही लघु हिलोरें।
गिर-गिर, फिर-फिर आती॥

5 **उपमा अलंकार** → काव्य मे जहाँ उपमेय की उपमान से तुलना की जाए वहाँ उपमा अलंकार होगा।

पहचान → काव्य मे "सा, सी, से, सम, समान व सरिस" शब्द दिए होंगे। जैसे

(i) हरिपद कोमल कमल-से।

Scanned by CamScanner

(ii) पीपर पात सरिस मन डोला।

6 रूपक → काव्य में जहाँ उपमेय का उपमान पर आरोप हो, वहाँ रूपक अलंकार होगा।

पहचान → काव्य में योजक चिह्न (–) लगा होगा।

उदाहरण → मैया मैं चन्द्र-खिलौना लेहौं।

7 उत्प्रेक्षा अलंकार → काव्य में जहाँ उपमेय का उपमान से घनिष्ठ संबंध प्रकट किया जाए तथा संभावना प्रकट की जाए वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होगा।

उदाहरण → सिर फट गया उसका वहीं, मानो अरुण रंग का घड़ा हो।

पहचान → काव्य में "मानो, मनु, जानो, जनु, जनहु व मनहु" शब्द दिए होगें।

नोट :- उत्प्रेक्षा अलंकार का प्रयोग वैवाहिक अवसर पर किया जाता है।

8 मानवीकरण अलंकार → काव्य में जहाँ प्रकृति विषय, वस्तु में ~~जहाँ~~ मानवीय संबंध स्थापित किए जाए वहाँ मानवीकरण अलंकार होगा।

उदाहरण → मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

(ii) धूल भागी घाघरा उड़ाए।

9 अतिश्योक्ति अलंकार → काव्य में जहाँ किसी बात को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जाए वहाँ अतिश्योक्ति अलंकार होगा।

उदाहरण → तेरी यह दंतुरित मुस्कान, मृदक में भी डाल देगी जान॥

10 विभावना अलंकार → काव्य में जहाँ कारण के बिना काम के होने की संभावना प्रकट की जाए, वहाँ विभावना अलंकार होगा।

पहचान → काव्य में "बिन, बिना, बिनु, बिनहु" शब्दों का प्रयोग होगा।

उदाहरण → निंदक नियरे राखिये, आँगन कुटि छवाए।
बिन पानी बिन निर्मल करे सुभाव॥

Shiv jeet

Scanned by CamScanner

वाक्य

वाक्य → शब्दों के क्रमबद्ध एवं सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।
जैसे → राम वन में जाता है।

अंग → वाक्य के दो अंग होते है-

1 उद्देश्य → वाक्य में जिसके बारे में कहा जाए। अर्थात् कर्ता ही उद्देश्य होता है।
जैसे → राम वन मे गया।
↳ उद्देश्य

2 विधेय → उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाए उसे विधेय कहते है।
जैसे → राम वन मे गया।
↳ विधेय

वाक्य के भेद → 3

1 सरल वाक्य → वह वाक्य जिसमें कम-से-कम एक उद्देश्य व एक विधेय हो।
जैसे → शिव पढ़ता है।
↳ उद्देश्य ↳ विधेय

2 संयुक्त वाक्य → जिसमें दो वाक्य मिलकर एक वाक्य होने का बोध करवाए।
जैसे → राम पढ़ता है और श्याम लिखता है।
राधा नाचती है परंतु गीता गाती है।

नोट:- इसमें समुच्चय बोधक, जैसे - और, किंतु, परंतु, अथवा, अन्यथा, तथा, व, एवं का प्रयोग होता है।

3 मिश्र वाक्य → जब दो वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य बनाया जाए तथा दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हो। वह मिश्र वाक्य होता है।
जैसे → मुझे तेज बुखार है इसलिए मैं स्कूल मे नहीं आ सकता।

Shiv jeet
97295 04909

Scanned by CamScanner

ः काल ः

काल → वाक्य के जिस रूप से काम के होने या करने के समय का पता चले, उसे काल कहते है।

भेद → काल के 3 भेद है →

1. **भूतकाल** → काम के जिस रूप से किसी काम के बीते हुए समय का मे होने का पता चले, वहाँ भूतकाल होता।

भूतकाल के भेद → 6

(क) **सामान्य भूतकाल** → वह वाक्य जो काम के बीते हुए कल मे होने का सामान्य-सा बोध हो।

पहचान → वाक्य के अंत मे आ, ई, ए मिलेगा।

जैसे → (i) माली ने पौधों को पानी दिया।
(ii) गाड़ी आ गई।

(ख) **अपूर्ण भूतकाल** → जिसमें काम का बीते समय मे पूरा न होने का बोध हो।

जैसे → गाड़ी जा रही थी।
राधा नाच रही थी।

पहचान → जहाँ रहा था, रही थी, रहे थे, हो वहाँ अपूर्णभूतकाल होता है।

(ग) **पूर्ण भूतकाल** → काम बीते हुए समय मे पूरा होने का बोध करवाए।

पहचान → चुका था, चुकी थी, चुके थे।

जैसे → गाड़ी जा चुकी थी।

(घ) **आसन भूतकाल** → काम के बीते हुए समय मे अभी-2 होने का बोध करवाए।

पहचान → गई है, गया है, आ है, ए है

Shiv jeet

जैसे → (i) परीक्षा समाप्त हो गई है।
(ii) गाड़ी आ गई है।

(ङ) **संभाव्य भूतकाल** → काम के बीते हुए समय मे होने की संभावना प्रकट की जाए।

पहचान → गई होगी, गया होगा, गए होगें

जैसे → गाड़ी आ गई होगी।

(च) **हेतुहेतुमद भूतकाल** → काम के जिस रूप से बीते हुए समय मे होने परंतु किसी कारणवश पूरा न होने का बोध करवाए।

Scanned by CamScanner

पहचान→ होते, होती, होता
जैसे→ यदि हम पढ़ते तो नौकरी लग गए होते।

2 **वर्तमान काल**→ काम के हाल ही में होने का बोध करवाया जाए।

भेद→ वर्तमानकाल के तीन भेद है।

(क) **सामान्य वर्तमान**→ काम के हाल ही में होने का सामान्य-सा बोध करवाया जाए।

पहचान→ वाक्य मे ता है, ती है, ते है मिलता है।
जैसे→ मोहन पढ़ता है।
राधा नाचती है।

(ख) **अपूर्ण वर्तमान**→ काम के हाल ही मे होने का पूर्ण बोध न कराए।

पहचान→ रहा है, रही है, रहे हैं
जैसे→ बच्चे खेल रहे हैं।
राधा नाच रही हैं।

(ग) **संभाव्य वर्तमान**→ काम के हाल ही मे होने की संभावना प्रकट की जाए।

पहचान→ रहा होगा, रही होगी, रहे होगे।
जैसे→ (i) पवन पढ़ रहा होगी।
(ii) गाड़ी आ रही होगी।

3. **भविष्यकाल**→ काम के आने वाले समय मे होने का बोध हो।
जैसे→ हम मेला देखने जाएंगें।

Shiv jeet

भेद→ काव्य के तीन भेद है→

(क) **सामान्य भविष्यकाल**→ काम के आने वाले समय में होने का सामान्य-सा बोध हो।

पहचान → गा, गे, गी
जैसे→ आगामी महिने मे बारिश होगी।

(ख) **संभाव्य भविष्यकाल**→ काम के आने वाले समय मे होने की संभावना प्रकट की जाए।

जैसे→ शायद अच्छे दिन आएँगें।

(ग) **हेतुहेतुमद भविष्यकाल**→ काम आने वाले समय मे होगा, परतुं किसी दूसरी क्रिया पर निर्भर होगा।

जैसे→ यदि हम मेहनत करेगें तो नौकरी लग जाएंगें।

Scanned by CamScanner

÷ सर्वनाम ÷

सर्वनाम → संज्ञा के ~~स्थान~~ स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं जैसे → यह, वह, वे इत्यादि।

भेद → सर्वनाम के छः भेद है।

Trick → आज पुरुष निजी संबंधों की निश्चितता व अनिश्चितता के के प्रश्नों में उलझा है।

1 पुरुषवाचक सर्वनाम → वे सर्वनाम शब्द जो श्रोता, वक्ता तथा किसी तीसरे का बोध करवाए पुरुषवाचक सर्वनाम कहते है।

जैसे → मैं, तुम, तुझे, तुमको, उनका, उन्हें इत्यादी।

भेद → 3

(क) उत्तम पुरुष → वक्ता के लिए प्रयोग होने वाले शब्द उत्तम पुरुष होते हैं।
जैसे → मैं, मेरा, मुझे, हम, हमारा इत्यादि

(ख) मध्यम पुरुष → श्रोता के लिए प्रयोग होने वाले शब्द जैसे तुम, तुम्हारा, तुझे, तुमको इत्यादि।

(ग) अन्य पुरुष → तीसरे व्यक्ति के लिए जैसे → उनका, उनकी, उनके, इनका, इनसे, उन्हें, उन्होंने, उन्होंने इत्यादि

उदाहरण → (i) हम दिल्ली जाएंगे।
↳ उत्तम पुरुष
(ii) तुम भी दिल्ली जाओगे।

2 अनिश्चयवाचक सर्वनाम → वे सर्वनाम जो संज्ञा के निश्चित न होने का बोध करवाएं।

पहचान → कुछ, कोई, किसी, कहीं

उदाहरण → बाजार से कुछ खरीद लाना।

3 निश्चयवाचक सर्वनाम → वे सर्वनाम जो संज्ञा के निश्चित होने का बोध करवाए।

पहचान → ये, यह, वे, वह

उदाहरण → (i) ये खेत हमारे है।
(ii) वह राम का दोस्त है।

4 निजवाचक सर्वनाम → वे सर्वनाम जो अपनेपन का बोध करवाए

पहचान → स्वयं, स्वतः, अपने आप, खुद, अपना - अपना

Scanned by CamScanner

उदाहरण → 1 राधा स्वयं ही पढ़ने लग गई।
2 मैं अपने आप ही चला जाऊँगा।

5 प्रश्नवाचक सर्वनाम → वे सर्वनाम शब्द जो संज्ञा के बारे में पूछने का बोध कराए।

पहचान → कहाँ, कौन, कब, किसको, किसे, किसका, कैसे इत्यादि

उदाहरण → राम कहाँ जाएगा?

6 संबंधवाचक सर्वनाम → वे सर्वनाम शब्द जो संज्ञाओं के बीच संबंध प्रकट करे।

पहचान → जिसका, जिसकी, उसका - उसकी, जो सो इत्यादि।

उदाहरण → जिसकी लाठी उसकी भैंस।
जो बोएगा सो पाएगा।

Shiv jeet
9729504909

Scanned by CamScanner

→ संज्ञा ←

संज्ञा → वे शब्द जो व्यक्ति, वस्तु, स्थान, गुण-दोष, स्वभाव इत्यादि का बोध करवाए।

जैसे → राम, पुस्तक, गिलास, गंगा, गाय, हिमालय आदि।

भेद → संज्ञा के तीन भेद है–

1 **व्यक्तिवाचक संज्ञा** → वे संज्ञा शब्द जो व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि के नाम का बोध करवाए।

जैसे → दीपक, गीता, रामायण, दिल्ली आदि।

2 **जातिवाचक संज्ञा** → वे संज्ञा शब्द जो व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि के संपूर्ण समूह या जाति का बोध करवाए।

जैसे → लड़का, पुस्तक, देश, नगर, नदी आदि।

Note:- जातिवाचक संज्ञा व व्यक्तिवाचक संज्ञा की पहचान "कौन-सा" शब्द लगाकर कर सकते है। यदि उत्तर आया तो व्यक्तिवाचक संज्ञा, उत्तर नहीं आया तो जातिवाचक संज्ञा होगी।

→ इसके दो भेद है–

(1) **द्रव्यवाचक संज्ञा** → वह जातिवाचक संज्ञा शब्द जो संपूर्ण जाति का बोध करवाए।

जैसे → नमक, लोहा, पानी, लड़का।

(2) **समूहवाचक संज्ञा** → वे जाति वाचक शब्द जो पूरे समूह का बोध करवाए।

जैसे → कक्षा, काफिला, गुच्छा, टीम आदि।

3 **भाववाचक संज्ञा** → वे संज्ञा शब्द जिन्हें व्यक्ति अनुभव करता है जैसे-

जैसे → गर्व, बचपन, सुख, दुख, प्यार आदि।

Note → भाववाचक संज्ञा → 5 प्रकार के शब्दों से मिलकर बनती है।

(क) जातिवाचक → मित्रता, बुढ़ापा

(ख) सर्वनाम → अपनापन, आपा, अहंकार

(ग) विशेषण → कालापन, कमीनापन, शक्तिमा

(घ) क्रिया → पढ़ना, लिखना, छिड़कना

(ङ) अव्यय → धिक्-धिकार, निकटता

Shiv jeet
9729504909

Scanned by CamScanner

→ व्यक्तिवाचक संज्ञा → व्यक्तिवाचक संज्ञा जातिवाचक संज्ञा बन जाएगी जब →

(i) किसी प्रसिद्ध व्यक्ति को बहुवचन बनाकर प्रयोग किया जाए।
जैसे → आज देश को भगत सिंहों की जरूरत है।

→ जातिवाचक संज्ञा व्यक्तिवाचक बन जाएगी जब
(i) किसी प्रसिद्ध व्यक्ति के पद के आधार पर -
जैसे → पंडित जी देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे।

Shiv jeet
9729504909

Scanned by CamScanner

→ कारक ←

कारक → वाक्य में क्रिया के साथ संबंध बताने वाले पदों को कारक कहते है।

→ भेद → 8
↳ मुख्य - 6
↳ उपभेद - 2

Shiv jeet

कारक	परसर्ग चिह्न
कर्ता	"ने"
कर्म	"को"
करण	"से" या "के द्वारा"
संप्रदान	"के लिए"
अपादान	"से"
अधिकरण	"में या पर"
उपभेद ↳ संबंध	"का, के, की"
↳ संबोधन	"हे!, अरे, अरि"

1 कर्ता → काम को करने वाला कर्ता कहलाता है।
जैसे → मोहन खेलता है।
↳ कर्ता

2 कर्म → वाक्य मे जिस क्रिया पर प्रभाव या फल पड़े।
जैसे → बालक ने सांप को मारा।
सुनील फल खाता है।

3 करण कारक → कर्ता जिस साधन से क्रिया पूरी करे।
जैसे → माता आँखों से देखती है।

4 संप्रदान कारक → कर्ता जिसके लिए काम करता है।
नोट → वाक्य मे जहाँ देना, वास्ते, प्रेम, अच्छा लगना इत्यादि क्रिया होगी वहाँ संप्रदान कारक होगा।
जैसे → माँ पुत्र से प्रेम करती है।

5 अपादान कारक → जहाँ अलग होने का भाव होगा वहाँ अपादान कारक होगा।
जैसे → वृक्ष से पत्ते गिरते है।

नोट → वाक्य मे जहाँ निकलना, लज्जा, सीखना, तुलना, ईर्ष्या, डर आदि क्रिया हो वहाँ अपादान कारक होगा।

Scanned by CamScanner

जैसे→ ललित गुरु से कथक सीखता है।
सुरेश रमेश से मेधावी है।

6 अधिकरण कारक→ कर्ता जिसको आधार मानकर क्रिया करता है।

जैसे→ बच्चे कक्षा मे बैठते है।
पक्षी आसमान मे उड़ते है।

नोट→ जहाँ श्रेष्ठ, निपुण, विश्वास आदि क्रियाएं हो वहां अधिकरण कारक होगा।

जैसे→ कवियों मे कालिदास श्रेष्ठ है। Shiv jeet
राम वाद-विवाद मे निपुण है।

7 संबंध कारक→ जिस कारक का संबंध क्रिया से नहीं होता बल्कि संज्ञा से होता है।

जैसे→ दशरथ का पुत्र राम वन गया।

8 संबोधन कारक→ कर्ता को बुलाने या पुकारने का भाव हो वहाँ संबोधन कारक होगा।

जैसे→ हे प्रभु! उसके ऊपर कृपा करना।
विभु! इधर आओ।

Scanned by CamScanner

॰ रस ॰

→ रस का अर्थ → आस्वादन लेना (अनुभूति) — Shiv jeet
→ रस का जनक → भरतमुनि (नाट्यशास्त्र / रसशास्त्र)
→ संस्कृत में आठ रस है।
→ हिन्दी में मुख्य रूप से 9 रस है और कुल 11 रस है।
→ हिन्दी भाषा का स्वर्णकाल → भक्तिकाल (भक्तिरस)
→ वात्सल्य रस के जनक → सुरदास
→ रस को काव्य की आत्मा कहा जाता है।
→ ~~शृंगार~~ शृंगार रस को श्रेष्ठ रस माना जाता है इसलिए इसे रसराज (रसों का राजा) कहा जाता है।

रस के अंग → (i) स्थायीभाव → जो मन में आरंभ से अंत तक चले
(ii) विभाव →
(iii) अनुभाव →
(iv) संचायी भाव →

रस	स्थायी भाव	सामान्य क्रिया
1. शृंगार रस	→ रति का भाव	→ प्रेम ↳ संयोग / वियोग
2. हास्य रस	→ हास का भाव	→ हसँना।
3. करुण रस	→ शोक	→ दुख
4. वीर रस	→ उत्साह	→ जोश
5. रौद्र रस	→ क्रोध	→ गुस्सा
6. अद्भुत रस	→ विस्मय	→ हैरानी
7. वीभत्स रस	→ जुगुप्सा	→ घृणा
8. भयानक रस	→ भय	→ डर
9. शांत रस	→ निर्वेद / सम	→ उदासीनता
10. भक्ति रस	→ भक्ति	→ प्रेम (भगत व भगवान)
11. वात्सल्य रस	→ वत्सल	→ प्रेम (माता-पिता का संतान के प्रति)

1. शृंगार रस → काव्य में जहाँ प्रेम या सौंदर्यता की बात की जाए वहाँ "रति" स्थायी भाव रहेगा।

उदहारण → कहत, नटत, रिझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियत।
भरते भवन में करत है, नयन ही सो बात ॥
↳ संयोग रस

→ हे मृग, खग, भमर! तुमने देखी सीता मेरी।
↳ वियोग रस

Scanned by CamScanner

2 हास्य रस → काव्य मे जहाँ एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष का उपहास (मजाक) बनाया जाए वहाँ "हास" का भाव होगा।

उदाहरण → सिर पर गंगे हँसे।
भुजग भुजंगा हँसे ॥
हसी का दंगा भयो।
नंगो के विवाह मे ॥

Shiv jeet
97295 04909

नोट → विवाह मे अक्सर "हास्य रस" होता है।

3 करुण रस → काव्य मे जहाँ अरुचिकर घटना या प्रसंग का वर्णन किया जाए वहाँ "शोक के भाव आएगे।

उदाहरण → हे मेरे हृदय के हर्ष हाय! अभिमन्यु अब तु है कहाँ।
दृग खोल बेटा तनिक हम सब खड़े है यहाँ॥

4 वीर रस → काव्य मे जहाँ प्रतिकूल परिस्थितियों मे जो वीरतापूर्वक काम किया जाए वहाँ मन मे उत्साह के भाव आएंगे।

उदाहरण → चमक उठी सन् सतावन मे, वो तलवार पुरानी थी।
बुँदेलो-हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी॥
खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी।

→ "झाँसी की ~~रानी~~ रानी" → सुभद्रा कुमारी चौहान

5 रौद्र रस → काव्य मे जहाँ एक पक्ष दूसरे पक्ष का अपमान किया जाएगा वहाँ मन मे क्रोध के भाव आएंगे।

उदाहरण → काल कवलु होई हि छन नाहि।
कहु पुकारि खोरि मही नाहिं॥
जो हटकहु जे चाहहु उबारा।
कहे प्रतापु बलु रोषु हमारा॥

6 अद्भुत रस → काव्य मे जहाँ अलौकिक घटना या प्रसंग का वर्णन किया जाए वहाँ मन मे विस्मय (हैरानी) के भाव आएंगे।

उदाहरण → एक अचंभा देख र भाई।
ठाढा सिंह चरावे गाई॥
आगे पुत पिछे माई।
चेला के गुरु लागे पाई॥

Scanned by CamScanner

7 वीभत्स रस → काव्य में जहाँ अरुचिकर या घृणास्पद वस्तु या प्रसंग का वर्णन किया जाए। वहाँ जुगुप्सा (घृणा) के भाव आएंगे।

उदाहरण → आँख निकल उड़ जाते क्षणभर उड़कर फिर आते।
शव जीभ खिंचकर कौवे, चुगल-चुगल कर खाते॥

8 भयानक रस → काव्य में जहाँ किसी भयानक, अनिष्टकारी वस्तु को देखने से जो भय के भाव उत्पन्न होगें। इसका स्थायी भाव "भय" होता है।

Shivjeet
9729504909

Scanned by CamScanner

समास

समास → दो या दो से अधिक पदों से मिलकर बना नया पद समास कहलाता है।
जैसे → घड़ी + घड़ी = हरघड़ी

समास के भेद → 6

Shiv jeet

समास	→ पद की प्रधानता
1 अव्यीभाव समास	→ पहला पद प्रधान होता है।
2 तत्पुरुष समास	→ दूसरा पद प्रधान होता है।
3 द्वंद्व समास	→ दोनों पद प्रधान होते हैं।
4 बहुब्रीही समास	→ तीसरा (अन्य) पद प्रधान होता है।
5 कर्मधारय समास	→ दूसरा पद प्रधान होता है।
6 द्विगु समास	→ पहला पद संख्यावाची है तथा दूसरा पद प्रधान होता है।

Note → 1 तत्पुरुष का भेद माना जाता है → कर्मधारय
2 कर्मधारय का भेद माना जाता है → द्विगु को

1 अव्ययीभाव समास

→ जिस समास मे पहला पद प्रधान होता है व समस्त पद प्रधान होता है।

→ उपसर्ग युक्त शब्द अव्ययीभाव समास के उदाहरण होगें।

उदाहरण → प्रति दिन
जीवन भर → आजीवन
मरण तक → आमरण
जन्म भर → आजन्म
शक्ति के अनुसार → यथाशक्ति
पूरा पेट भर के → भरपेट
पूरी तरह से → भरपूर

→ विग्रह करने पर दोनों पद एक जैसे दिखाई देगें।

उदाहरण → प्रतिमास → मास – मास
हरघड़ी → घड़ी – घड़ी
प्रत्येक → एक – एक
दिनों दिन → दिन – दिन
रातों रात → रात – रात

Scanned by CamScanner

2 तत्पुरुष समास → जिस समास मे दूसरा पद प्रधान होता है

जैसे → गंगा का जल → गंगा जल → दूसरा पद

हाथों के लिए कड़ी → हथकड़ी → दूसरा पद

(क) कर्म तत्पुरुष → इसमें "को" शब्द का लोप हो जाता है।

जैसे → ग्राम को गत → ग्रामगत

चिड़िया को मारने वाला → चिड़िमार

(ख) करण तत्पुरुष समास → इसमें "से" व "के द्वारा" का लोप हो जाता है।

जैसे → रोग से ग्रस्त → रोगग्रस्त

मुँह से माँगा → मुँहमाँगा

तुलसी द्वारा कृत → तुलसीकृत

(ग) सम्प्रदान तत्पुरुष → इसमें "के लिए" का लोप हो जाता है।

जैसे → देश के लिए भक्ति → देशभक्ति

माल के लिए गोदाम → मालगोदाम

रसोई के लिए घर → रसोईघर

Shivjeet

(घ) अपादान तत्पुरुष समास → इसमें "से" का लोप हो जाता है। तथा अलगाव का भाव आता है।

जैसे → देश से निकाला → देशनिकाला

आकाश से पतित → आकाशपतित

ऋण से मुक्त → ऋणमुक्त

(ङ) संबंध तत्पुरुष → इसमें "का, के, की" का लोप हो जाता है

जैसे → राम की कहानी → रामकहानी

शास्त्र के अनुकूल → शास्त्रानुकूल

जीवन का साथी → जीवनसाथी

(च) अधिकरण तत्पुरुष समास → इसमें "में" या "पर" का लोप हो जाता है

जैसे → आत्म पर निर्भर → आत्मनिर्भर

आत्म पर विश्वास → आत्मविश्वास

(छ) नञ तत्पुरुष समास → जिस समास मे नकारात्मक भाव उत्पन्न हो।

स्वर के लिए "अन"	व्यंजन के लिए "अ"	अरबी-फारसी "ना"
न उचित → अनुचित	न धर्म → अधर्म	न पाक = नापाक
न इच्छा → अनिच्छा	न टूट → अटूट	न मंजूर → नामंजूर
न अंत → अनंत	न सत्य → असत्य	न लायक → नालायक

Scanned by CamScanner

3. द्वंद्व समास → जिस समास में दोनों पद प्रधान हो।
→ विलोम शब्द द्वंद्व समास के उदाहरण होंगें।
→ दोनों के बीच योजक चिह्न होगा।
जैसे → माता-पिता → माता और पिता
लाभालाभ → लाभ और अलाभ
अहर्निश → अहन और निश

4 बहुव्रीहि समास → जिस समास मे तीसरा या अन्य पद प्रधान हो।
पहचान → सारे देवी-देवताओं के नाम या उपनाम इस समास के उदाहरण है।
→ विग्रह करने पर (है जिसका, है जिसके, है जिसकी, वाला) हो तो बहुव्रीहि समास होगा।
उदाहरण → चन्द्रशेखर → चन्द्र है जिसके शिखर पर
त्रिनेत्र → तीन नेत्र है जिसके
मोदकप्रिय → मोदक प्रिय है जिसको
गिरधर → ~~किसी~~ गिर को धारण करने वाला
उरग → छाती के बल पर चलने वाला (सर्प)

Shiv Jeet
9729504909

5. कर्मधारय समास → जिस समास मे विशेष्य-विशेषण, उपमान-उपमेय, या 'रूपक' का संबंध बताया जाए।
जैसे → नीलगगन → नीला है जो गगन
दीर्घायु → दीर्घ है जो आयु
अंधकूप → अंधा है जो कूप
वचनामृत → वचनरूपी अमृत
विद्याधन → विद्या रूपी धन

6 द्विगु समास → जिसका पहला पद संख्यावाची हो तथा दूसरा पद प्रधान हो।
जैसे → द्विगु → दो गायों का समूह
द्विरत्न → दो रत्नों का समूह
चारपाई → चार पाँव है जिसके
दोपहर → दो पहरों का समूह
नवरात्री → नौ रातों का समूह

Scanned by CamScanner

→ विशेषण ←

विशेषण → वे संज्ञा शब्द जो संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बताए।
→ विशेषता को ही विशेषण कहते हैं।

उदाहरण → पुरानी पुस्तक
↳ विशेषण

Shivjeet

प्रविशेषण → जो विशेषण की विशेषता बताए।
उदाहरण → बहुत बुढ़ा आदमी।
↳ विशेषण
↳ प्रविशेषण

क्रिया विशेषण → वे शब्द जो क्रिया की विशेषता बताए।
उदाहरण → हाथी मंद चलता है।
क्रिया विशेषण ↳ ↳ क्रिया

विशेष्य → जिसकी विशेषता बताई जाए।
उदाहरण → बुढ़ा आदमी।
↳ विशेष्य
↳ विशेषण

विशेषण के भेद → 4

1 **गुणवाचक विशेषण** → वे विशेषण शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, आकार, अवस्था आदि का बोध करवाए।

जैसे → बहादुर लोग युद्ध में करणी करते है।
↳ गुणवाचक विशेषण
कायर व्यक्ति युद्ध से भागते हैं।
↳ गुणवाचक विशेषण
कमरा जर्जर है।
↳ गुणवाचक विशेषण

2 **संख्यावाचक विशेषण** → वे विशेषण शब्द जो संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बताए।

पहचान → दो, पाँच, सौ, हजार, पाँच लाख, कुछ, थोड़ा, अधिक, कम
उदाहरण → दो व्यक्ति आ रहे हैं।
↳ संख्यावाचक विशेषण

Scanned by CamScanner

संख्यावाचक विशेषण

निश्चित संख्यावाचक
जैसे → चार व्यक्ति आ रहे हैं।

अनिश्चित संख्यावाचक
↳ कुछ व्यक्ति आ रहे हैं।

2 परिमाणवाचक विशेषण → वे विशेषण शब्द जो संज्ञा व सर्वनाम के मापतोल का बोध कराए।

पहचान → दो किलोग्राम, पांच लीटर, दो सौ मीटर, पाँच टन, दो क्विंटल आदि।

उदाहरण → उसने दो लीटर तेल खरीदा।
↳ परिमाणवाचक विशेषण

5 सर्वनामिक विशेषण → वे सर्वनाम जो संज्ञा के आगे आकर संज्ञा की विशेषता बताएँ।

उदाहरण → ये खेत हमारे है।
↳ संज्ञा
↳ सार्वनामिक विशेषण

Shiv Jeet

नोट → निश्चयवाचक सर्वनाम → इसमें सर्वनाम के बाद संज्ञा नहीं आती।
जैसे → ये हमारे खेत है।

Scanned by CamScanner

→ सन्धि ←

सन्धि → वर्णों के परिवर्तन सहित मेल को संधि कहते हैं।

जैसे → सुर + इन्द्र → सुरेन्द्र

भेद → सन्धि के तीन भेद है →

1. स्वर सन्धि → स्वर के बाद स्वर आने तथा उन दोनों के मिलने से जो परिवर्तन होगा, वही स्वर सन्धि कहलाएगा।

जैसे → मेघ + आलय = मेघालय

2. व्यंजन सन्धि → व्यंजन के बाद स्वर या व्यंजन आने से जो सार्थक परिवर्तन होगा, उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

जैसे → जगत् + ईश = जगदीश

सत् + जन = सज्जन

3. विसर्ग सन्धि → (:) विसर्ग के बाद स्वर या व्यंजन आने से जो सार्थक परिवर्तन होगा, उसे विसर्ग सन्धि कहते हैं।

जैसे → निः दोष = निर्दोष   Shiv jeet

निः आशा = निराशा;   9729504909

[:- स्वर सन्धि के 5 भेद]

1. दीर्घ सन्धि → Trick "शब्द के बीच में "आ" "ई", "ऊ" मिले"

अ, आ + अ, आ = तो "आ" बनेगा

इ, ई + ई, ई = तो "ई" बनेगा

उ, ऊ + उ, ऊ = तो "ऊ" बनेगा

उदाहरण → राम + आनंद = रामानंद

अ + आ

कपि + ईश = कपीश

इ + ई

लघु + उत्तम = लघूत्तम

उ + उ

2. गुणसन्धि → Trick- शब्द के बीच में "ए", "ओ" "अर्" मिले वहीं गुण सन्धि होगी।

अ, आ + ई, इ = "ए" मे बदलेगा

अ, आ + उ, ऊ = "ओ" ———

अ, आ + ऋ = "अर् ———

Scanned by CamScanner

जैसे → (i) रमा + ईश = रमेश
आ + ई = ए

(ii) हित + उपदेश = हितोपदेश
अ + उ = ओ

(iii) राजा + ऋषि = राजर्षि
आ + ऋ = र्

(iv) वर्षा + ऋतु = वर्षर्तु

3 वृद्धि सन्धि = Trick- शब्द के बीच मे "ऐ", "औ", "र्", "ै" हो तो वृद्धि सन्धि होगी।

अ, आ + ए, ऐ = "ऐ" बनेगा
अ, आ + ओ, औ = "औ" बनेगा

Shivjeet

जैसे → एक + एक = एकैक
अ + ए = ऐ
मह + औषधी = महौषधी

4 यण सन्धि → Trick → शब्द के बीच मे "य", "र", "ल", "व" मिले तो यण सन्धि होगी।
↳ important

इ, ई → के बाद भिन्न स्वर आए तो → "य" मे बदलेगा
उ, ऊ → " " " " " → "व" मे बदलेगा
ऋ → " " " " " → "र" मे बदलेगा

जैसे → (i) प्रति + आशा = प्रत्याशा
इ + आ = य

(ii) सु + आगत = स्वागत
उ + आ = व

(iii) पितृ + आज्ञा = पित्राज्ञा
ऋ + आ = र

5 आद्यादि सन्धि → Trick → यदि शब्द के बीच मे "य" "व" से पहले पूरा व्यंजन हो तो वहां अयादि सन्धि होगी।

~~जैसे~~ → ए → के बाद भिन्न स्वर है तो → अय् हो जाता है।
ऐ → " " " " " → आय् हो जाता है।
ओ → " " " " " → अव् हो जाता है
औ → " " " " " = आव् हो जाता है।

जैसे → ने + अन = नयन
नै + अक = नायक
पो + अन = पवन
भौ + उक = भावुक

Scanned by CamScanner

Shiv jeet
9729504909

पहला वर्ग	दूसरा वर्ग	तीसरा वर्ग	चौथा वर्ग	पाचवां वर्ग
क्	ख्	ग्	घ्	ङ्
च्	छ्	ज्	झ्	ञ्
ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण्
त्	थ्	द्	ध्	न्
प्	फ्	ब्	भ्	म्
य्	र्	ल्	व्	
श्	स्	ष्	ह्	

1 व्यंजन सन्धि → (i) यदि "क, च, ट, त, प" है तो ये अपने वर्ग के तीसरे मे बदलेगें। → उनके बाद कोई स्वर या, य, र, ल, व

क् - "ग्"
च् - "ज्"
ट् - "ड्"
त् = "द्"
प् = "ब्"

जैसे → दिक् + अम्बर = दिगम्बर
जगत् + ईश = जगदीश
षट् + यंत्र = षड्यंत्र

(ii) "क, च, ट, त, प, के बाद "म" या "न" आएगा तो वह अपने वर्ग के पाँचवे वर्ग मे बदल जाते हैं।

क् → "ङ्"
च् → "ञ्"
ट् → "ण्"
त् → "न्"
प् → "म्"

जैसे → दिक् + नाथ = दिङ्नाथ
उत् + मुक्त = उन्मुक्त

(iii) त् संबंधी नियम →

(क) "त" के बाद "च" या "छ" आने पर "त" के स्थान "च" हो जाएगा = त् + "च" या "छ" = च्

जैसे → उत् + चारण = उच्चारण

(ख) "त" के बाद "ज" आने पर "त" के स्थान पर "ज" बनेगा।

त् + ज् = ज्

जैसे → उत् + ज्वल = उज्ज्वल

Scanned by CamScanner

(iii) "त" के बाद "ट" आने पर "त" "ट" हो जाएगा।
जैसे→ तत् + टीका = तट्टीका

3 विसर्ग सन्धि → यदि (:) विसर्ग से पहले "अ" तथा विसर्ग के बाद "अ", तीसरा वर्ग, चौथा वर्ग, पाँचवा वर्ग या "य", र, ल, व हो तो अ: इनकी जगह "ओ" तथा बाद आने वाले "अ" का लोप हो जाएगा।

(ii) यदि विसर्ग से पहले "ई" "उ" हो तो और उसके बाद कोई भी स्वर या तीसरा, चौथा, पाँचवा वर्ग हो तो विसर्ग के स्थान पर "र" हो जाता है।

Shiv jeet

जैसे→ दु: + गुण = दुर्गुण

(iii) यदि विसर्ग से पहले स्वर तथा विसर्ग के बाद "च" "छ" हो तो वह "श" हो जाता है।
जैसे→ नि: + चित → निश्चित
दु: + चरित → दुश्चरित

(iv) यदि विसर्ग से पहले स्वर हो तथा बाद मे "त", "थ" हो तो वह "स" में बदल जाता है।
जैसे→ नम: + ते = नमस्ते

(v) यदि विसर्ग से पहले स्वर तथा बाद मे "क" "ख", "ट", "ठ" तथा "प" "फ" हो तो वह "ष" मे बदल जाता है।
जैसे→ नि: क्रिय → निष्क्रिय
नि: ठा → निष्ठा
मि: ठान → मिष्ठान
नि: फल → निष्फल

Scanned by CamScanner

→ वर्ण ←

वर्ण → भाषा की लघुतम ध्वनि वर्ण कहलाती है
↳ वर्णों की संख्या → 44
↳ हिन्दी में कुल वर्ण → 52

Shiv jeet
9729504909

भेद → वर्ण के दो भेद हैं — 1 स्वर 2 व्यंजन

1 स्वर → जो वर्ण निर्बाध्य होकर उच्चारित हो- इनकी संख्या 11 है।

स्वर के भेद → (क) बनावट के आधार पर

(i) **मूलस्वर** → वे स्वर जिनकी रचना अन्य स्वरों से नहीं हुई हो।
जैसे → अ, इ, उ, ऋ = 4

(ii) **दीर्घस्वर** → वे स्वर जो अपने ही वर्ण के स्वरों से बने हों। इन्हें सजातीय वर्ण कहते है।
जैसे → आ, ई, ऊ = 3

(iii) **संयुक्त स्वर** → जब दो स्वरों को मिलाकर नया स्वर बने तो वह स्वर संयुक्त स्वर होता है। इन्हें विजातीय स्वर भी कहते हैं।
जैसे → ए, ऐ, ओ, औ = 4

नोट → दीर्घ स्वर व संयुक्त स्वर को संधि स्वर भी कहते हैं।

(ख) उच्चारण के आधार पर →

(i) **ह्रस्व स्वर** → वे स्वर जिन्हें बोलने में कम-से-कम समय लगे। इन्हें एकमात्रिक स्वर भी कहते है।
जैसे → अ, इ, उ, ऋ = 4

(ii) **दीर्घ स्वर** → जिन्हें बोलते समय दो स्वरों का समय लगता है। इन्हें द्विमात्रिक स्वर भी कहते हैं।
जैसे → आ, ई, ऊ, ~~ए~~, ऐ, ~~ओ~~, औ

(iii) **संयुक्त स्वर** → संयुक्त स्वर दो भिन्न स्वरों के मेल से बनते है।
जैसे → इ + अ = ए अ + उ = ओ
अ + ए = ऐ अ + ओ = औ

~~अब~~ 2. **व्यंजन वर्ण** → जिन वर्णों के उच्चारण में भीतर से आने वाली वायु मुख के किसी उच्चारण अवयव से बाधित होकर निकलती हैं इन्हे व्यंजन कहते है।

→ व्यंजन वर्णों के उच्चारण में स्वरों की सहायता अनिवार्य रूप से ली जाती है। प्रत्येक व्यंजन के उच्चारण में "अ" की ध्वनि छिपी रहती है
जैसे = क = क् + अ , ख = ख् + अ

Scanned by CamScanner

→ हिन्दी के मूल व्यंजन वर्णों की संख्या = 33

भेद → व्यंजन के तीन भेद है

(i) स्पर्श व्यंजन → हिन्दी के वे व्यंजन स्पर्श व्यंजन कहलाते है जिनका उच्चारण कण्ठ, तालु, मूर्द्धा, दंत और ओष्ठ स्थानों के स्पर्श से होता है। इन्हें वर्गीय व्यंजन भी कहते हैं।

→ इनकी संख्या 25 है।

क वर्ग → क, ख, ग, घ, ङ. (कण्ठ से)
च वर्ग → च, छ, ज, झ, ञ (तालु से)
ट वर्ग → ट, ठ, ड, ढ, ण (मूर्द्धा से)
त वर्ग → त, थ, द, ध, न (दन्त से)
प वर्ग → प, फ, ब, भ, म (ओष्ठ से)

Shiv jeet
9729504909

(ii) अन्तःस्थ व्यंजन → हिन्दी व्यंजन ध्वनियों में अंतस्थ ध्वनियाँ चार है
→ य, र, ल, व
↳ इन्हें अर्द्ध स्वर भी कहा जाता है।
↳ इनक

(iii) ऊष्म व्यंजन → रगड़ या घर्षण से उत्पन्न ऊष्म वायु से उच्चारित होने वाली ध्वनियाँ ऊष्म व्यंजन कहलाती है।
↳ इनकी संख्या 4 है → श, ष, स है।

(i) नासिक्य → इनके उच्चारण मे हवा जीभ के दोनो पार्श्वों से निकलती है
(ii) पार्श्विक → ल जिसके उच्चारण मे हवा जीभ के दोनों पार्श्वों से निकलती है।
(iii) उत्क्षिप्त व्यंजन → जीभ ऊपर उठकर झटके के साथ नीचे आती है जैसे → ड., ढ.।
(iv) प्रकंपित व्यंजन → जिनके उच्चारण में कंपन हो जैसे - "र"।
(v) संघर्ष हीन संप्रवाह → जिनके उच्चारण मे हवा बिना संघर्ष से निकलती है। इसलिए इन्हें अर्द्ध स्वर भी कहते हैं।

जैसे → य, व

→ प्राण के आधार पर →

(i) अल्पप्राण → जिन व्यंजनो के उच्चारण में कम वायु (प्राण) की आवश्यकता पड़ती है।
↳ प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा, पाँचवा व अल्पप्राण होते हैं।
जैसे → क, ग, ङ.

Scanned by CamScanner

(ii) महाप्राण → जिनका उच्चारण करने मे अधिक वायु (प्राण) की आवश्यकता पड़ती है उन्हें महाप्राण कहा जाता है।
↳ जैसे → ख, घ
↳ हर वर्ग का दूसरा व चौथा महाप्राण व्यंजन होता है।

→ स्वरतन्त्रियों के आधार पर →

(i) अघोष → जिन व्यंजनों के उच्चारण मे स्वर तन्त्रियाँ संकुत नहीं होती वह अघोष व्यंजन कहलाते है।
जैसे → क, ख

(ii) सघोष व्यंजन → जिन व्यंजनों के उच्चारण मे स्वर तन्त्रियां संकुत होती हैं, वे सघोष व्यंजन कहलाते है।
जैसे → ग, घ, ङ.

(iii) हलन्त → कभी-२ व्यंजनों के नीचे एक तिरछी रेखा लगा दी जाती है, जिसे "हलन्त" या "हल" कहते है।
→ यह रेखा यह सूचित करती है कि लिखा गया व्यंजन स्वर रहित है।

अनुनासिक → (ँ) ये वे ध्वनियाँ है जिनका उच्चारण नाक और मुँह दोनो से होता है तथा उच्चारण मे लचकता रहती है
जैसे → पाँव, आँगन, आँचल आदि।

अनुस्वार → (ं) यह स्वर के बाद आने वाला व्यंजन है। जिसकी ध्वनि नाक से निकलती है।
जैसे → अंगद, अंग, कंगन

विसर्ग → (:) यह भी स्वर के बाद आता है वस्तुतः यह व्यंजन है। जिसका उच्चारण "ह" की तरह होता है। हिन्दी मे तत्सम शब्दों मे इसका प्रयोग देखा जाता है।
जैसे → दुःख, मनः, स्वतः आदि

अनुनासिक ध्वनियाँ → देवनागरी वर्णमाला के वर्गीय व्यंजनों का पंचमाक्षर (ङ, ञ, ण, न, म) अनुनासिक ध्वनियाँ हैं।

Shivjeet

Scanned by CamScanner

÷ शब्द ÷

शब्द → वर्णों के सार्थक एवं व्यवस्थित समूह को शब्द कहते हैं।
जैसे → ज_ + अ + व_ + आ + न_ + अ = जवान

पद → जब किसी शब्द को वाक्य में प्रयुक्त किया जाता है तो वह पद बन जाता है।
जैसे → जवान सीमा पर लड़ते हैं।

शब्द के भेद → उत्पत्ति के आधार पर

(i) तत्सम शब्द → वे शब्द जो संस्कृत से हिंदी में आने पर अपना रूप न बदले तत्सम शब्द कहलाते थे।
जैसे → अग्नि, ग्राम, कोष्ठ, सूर्य, चन्द्र, ग्रहण, गणना, इत्यादि।

(ii) तद्भव → वे शब्द जो संस्कृत से हिन्दी में आने पर अपना रूप बदल ले। तद्भव शब्द कहलाते है।
जैसे → आग, गाँव, सुरज, चाँद, गहना, गिनती आदि।
पहचान → जो शब्द बोलने व सुनने में अटपटे लगे।

Shivjeet

(iii) देशज शब्द → वे शब्द जो क्षेत्रिय भाषा से ही लिए गए है। इनका साहित्य में प्रयोग नहीं किया जाता।
जैसे → अटकल, पगडंडी, लोटा, फाड़ी, आटा, लोट-पोट, दाबा, पिप्पणी, धोखा, चपला आदि।

(iv) विदेशज → वे शब्द जो विदेशी भाषा से लिए गए है।
